फोनिक्स कालेज में विवि पर्यवेक्षक को बदला

- सेमेस्टर परीक्षा में लापरवाही को लेकर यूटीयू सख्त
- उड़नदस्ते ने 20 से 29 मई के दौरान रुड़की क्षेत्र में 47 नकलची दबोचे
- नकलचियों में सबसे ज्यादा 29 छात्र-छात्राएं फोनिक्स कालेज में धरे गए

परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण करते कुलपति प्रो. ओंकार सिंह।

हरादून (एसएनबी)। वीर माधो सिंह ंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यूटीयू) सेमेस्टर परीक्षाओं में लापरवाही को ेकर सख्त है। इसी कड़ी में लापरवाही के लते फोनिक्स कालेज में विश्वविद्यालय र्यविक्षक को बदल दिया गया।

यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने ुधवार को सेमेस्टर परीक्षाओं के मद्देनजर विवि ; उड़नदस्ते के साथ रुड़की क्षेत्र में पड़ने वाले ंबद्ध संस्थान फोनिक्स कालेज ऑफ ंजीनियरिंग का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा ेन्द्र पर मिली अव्यवस्थाओं पर कुलपति ने ेन्द्र अधीक्षक और संस्थान के प्रबन्धन को ाड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि विवि के शैक्षणिक वातावरण को दूषित करने व परीक्षाओं के संचालन में पारदर्शिता व सुचिता न मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए संस्थान स्वयं उत्तरदायी होगा।

कुलपति ने तत्काल परीक्षा केन्द्र पर तैनात पर्यविक्षक को लापरवाही से कार्य करने के कारण बदल दिया और दूसरे पर्यविक्षक की तैनाती करने के निर्देश दिये गये है। कुलपति ने विवि की उड़नदस्ता टीम से रुड़की क्षेत्र के सभी परीक्षा केन्द्र से जुड़ी रिपोर्ट हासिल की। उड़नदस्ता टीम द्वारा बताया गया कि 20 से 29 मई तक हुई विवि की सेमेस्टर परीक्षाओं में रुड़की क्षेत्र में पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों से कुल 47 नकलची छात्रों को पकड़ा गया, जिसमें सबसे ज्यादा नकचली 29 छात्र फोनिक्स कालेज ऑफ इंजीनियरिंग में पकड़े गये हैं। कुलपति ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संस्थान को सुधर जाने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सेमेस्टर परीक्षओं के संचालन में किसी भी स्तर लापवरही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।